| 1 | 2 | 3 | 4 | |
|---|---|---|---|---|
| 97. | ऊना | —वही— | 178 जी० एच० | 1.666 |
| 98. | घरोन्दा | —वही— | 214 जी० एच० | 2.633 |
| 99. | रास | —वही— | 234 जी० एच० | 2.650 |
| 100. | आकाश भारती | —वही— | 238 जी० एच० | 2.466 |
| 101. | अनामिका | —वही— | 248 जी० एच० | 0.850 |
| 102. | एच० डब्ल्यू० एफ० | —वही— | 295 जी० एच० | 1.800 |
| 103. | आर्य नगर | —वही— | 356 जी० एच० | 6.083 |
| 104. | स्पोर्टस | —वही— | 421 जी० एच० | 1.183 |

**हुडको द्वारा मकानों का निर्माण**

3720. **श्री फूल चन्द्र वर्मा** : क्या **निर्माण और आवास मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हुडको का विचार छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान इन्दौर, देवास तथा शाजापुर में मकानों का निर्माण करने का है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना के दौरान उक्त निर्माण कार्य के लिए अलग-अलग कुल कितना ऋण मंजूर किया गया है ; और

(ग) श्रेणी-वार कितने मकानों का निर्माण किया जाएगा तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**खेल विभाग में, निर्माण और आवास मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मन्त्री (श्री मल्लिकार्जुन)** : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) आवास तथा नगर विकास निगम सामान्यतया निर्माण नहीं करता है और यह केवल विभिन्न आवास अभिकरणों की योजनाओं की वित्त व्यवस्था करता है। छठी पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान हुडको द्वारा वित्त व्यवस्था की गई इन नगरों में योजनाओं के ब्यौरों का विवरण संलग्न है। (देखिए कालम नं० 965-666)

**जल पूर्ति और मल व्ययन संस्थान के लेखों में असंगति**

3721. **श्री निहाल सिंह** : क्या **निर्माण और आवास मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जल पूर्ति और मल व्ययन संस्थान के अधिकारियों ने 1962-63 से 1978-79 की अवधि के दौरान 15.10 लाख रुपये की राशि जमा की और बाद में 7.61 लाख रुपये की राशि निकाल ली गई जो विभागीय खातों में नहीं दर्शायी गई ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस मामले की कोई जांच की है या करवाएगी ; और

(ग) यदि जांच पहले से की जा चुकी है तो कितने अधिकारी दोषी पाए गए और उनके विरुद्ध की गई कार्यवाई का ब्यौरा क्या है ?

## विवरण

हुडको द्वारा इन्दौर, देवास और शाहजहांपुर नगरों में 1-4-1980 से 29-2-84 तक स्वीकृत कुल ऋण

| नगर | परियोजना लागत (करोड़ रुपयों में) | वीकृत ऋण (करोड़ रुपयों में) | आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग | स्वीकृत रिहायशी एकक निम्न आय वर्ग | मध्यम आय वर्ग | उच्च आय वर्ग | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इन्दौर नगर | 4.85 | 3.14 | 300 | 826 | 439 | 201 | 20 | 1786 |
| देवास नगर | 0.14 | 0.10 | 59 | 51 | — | — | — | 110 |
| शाहजहांपुर नगर | — | — | — | — | — | — | — | — |

खेल विभाग में, निर्माण और आवास मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मन्त्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी, नहीं। दिल्ली जल पूर्ति एवम् मल व्ययन संस्थान ने सूचित किया है कि 1962-63 से 1978-79 के दौरान बैंक ने 15.10 लाख रुपये की राशि सीधे जलपूर्ति एवम् मल व्ययन लेखे में जमा की थी जिसके ब्यौरों के अभाव में संस्थान के खातों में लेखों के साथ मिलान नहीं किया गया था। संस्थान ने यह भी सूचित किया है कि 7.61 लाख रुपये वह राशि थी जो कि बैंक द्वारा उक्त अवधि के दौरान बिना कारण बताए या पूर्ण ब्यौरे दिए बिना उनके लेखे के नामे डाली गयी थी।

(ख) और (ग) संस्थान के अनुसार, प्रश्न ही नहीं उठता है।

**अखिल भारतीय महिला स्वयं सेविका सेवा, किदवई नगर, नई दिल्ली**

3722. श्री निहाल सिंह : क्या निर्माण और आवास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अखिल भारतीय महिला स्वयं सेविका सेवा ने किदवई नगर, नई दिल्ली और अन्य कालोनियों (दिल्ली में) में कई स्थानों पर गैर-कानूनी रूप से कब्जा कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस मामले में जांच कराने का है ; और

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त संगठन के मुख्य कार्य क्या हैं और कुल कितनी सदस्य संख्या है तथा उसकी आय के स्रोत क्या हैं ?

खेल विभाग में, निर्माण और आवास मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मन्त्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**Central Assistance to States Cashew Plantation**

3723. SHRI HARIHAR SOREN : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) the amount of Central assistance sanctioned to different States for cashew plantation during the Sixth Plan ;

(b) the State-wise allocation made therefor during the above Plan period, year-wise ;

(c) the plantation programme undertaken by different States during the above plan period so far ; and

(d) the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI YOGENDRA MAKWANA) : (a) and (b). The total plan outlay approved under Centrally Sponsored Scheme on Package Programe for Development of Cashewnut during the VIth Plan period (1980-85) is Rs. 544 lakhs. A Statement showing year-wise allocation made to the different States and the Union Territory of Goa during the first 4 years of the VIth Five Year Plan is given at Statement-I.

(c) and (d). The details of the plantation programme undertaken by different States during the above plan period so far is as under :—

| Sl.No. | States | Area (Hectare) |
|---|---|---|
| 1. | Kerala | 7134 |
| 2. | Karnataka | 6365 |
| 3. | Andhra Pradesh | 21117 |
| 4. | Orissa | 25136 |
| 5. | West Bengal | 139 |
| 6. | Tripura | 180 |
| 7. | Goa | 5120 |
| | Total : | 65191 |